Title: Need to run trains between Kanpur/Allahabad and Mumbai *via* Kaushambi and Fatehpur, Uttar Pradesh.

डॉ. अशोक पटेल (पङ्क्तेहपुर) : महोदय, कानपुर-इलाहाबाद से मुम्बई के मध्य तथा आगे के लिए अनेक गाड़ियां हैं लेकिन कौशाम्बी और पङ्क्तेहपुर जनपद से होकर कोई भी गाड़ी नहीं गुजरती है। इसके परिणामस्वरूप कौशाम्बी और पङ्क्तेहपुर के जनपदवासियों को मुम्बई तथा उससे आगे की यात्रा करने के लिए कानपुर अथ वा इलाहाबाद जाकर गाड़ी पकड़नी पड़ती है। इसमें न केवल समय की बरबादी होती है, बल्कि यात्रियों को किराये के रूप में भारी राशि व्यय करनी पड़ती है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि मुम्बई एवं इससे आगे जाने वाली अनेक गाड़ियों में से कुछ गाड़ियां कौशाम्बी और पङ्क्तेहपुर से होकर चलायी जानी चाहिए जिससे कौशाम्बी और पङ्क्तेहपुर से मुम्बई अथवा उससे आगे जाने वाले यात्रियों की कठिनाइयां दूर हो सकें।